आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 05.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में एक हजार से अधिक खेलो इंडिया केंद्र खोले गए हैं और ये युवा खेल प्रतिभाओं को निखार रहे हैं।

2. भारत का पहला विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन—वेव्स 2025 कल कल समापन हो गया।

3. निर्वाचन आयोग एक सिंगल—प्लेटफॉर्म एप ई सी आई एन ई टी की शुरूआत करेगा।

4. पांच से अट्ठारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार—दो हजार पच्चीस के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वीडियो संदेश के माध्यम से बिहार खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस के सातवें संस्करण का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने देश में खेलों की संस्कृति विकसित की है और खेलो इंडिया अम्ब्रेला इवेंट इसका एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में एक हजार से अधिक खेलो इंडिया केंद्र खोले गए हैं और ये युवा खेल प्रतिभाओं को निखार रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया एक समावेशी मंच है जिसमें पारंपरिक गतका, कलरीपट्टू, खो—खो खेलों को जोड़ा गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अवसर मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करेगा और अपनी सॉफ्ट पावर का प्रदर्शन करेगा। श्री मोदी ने कहा कि खेल कोई एक इकाई नहीं है बल्कि स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और

अन्य अवसरों के मामले में यह बहुआयामी है। प्रधानमंत्री ने बिहार के तेजतर्रार आईपीएल क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की प्रशंसा की और कहा कि उनकी कहानी प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया खेल एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न भागों से आए खिलाड़ियों से बिहार के लिट्टी चोखा जैसे व्यंजनों का लुत्फ उठाने की अपील की।

<><><><><><><><><><>

भारत का पहला विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 कल मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हुआ। बृहस्पतिवार को शुरू हुए चार दिन के इस शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इसमें नब्बे से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिखर सम्मेलन में मीडिया और मनोरंजन उद्योग के प्रतिभाशाली तथा प्रभावशाली लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मीडिया का वैश्वीकरण, कंटेंट रचना का भविष्य और उभरती प्रौद्योगिकियों के गहन प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। वेव्स बाज़ार में देशभर के रचनाकारों और फिल्म निर्माताओं के साथ एक हजार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक के व्यापारिक सौदे हुए। शिखर सम्मेलन के दौरान ग्लोबल मीडिया डायलॉग में सतहत्तर देशों के प्रतिनिधियों ने वेव्स घोषणा को स्वीकार किया। इसमें प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनमें पारंपरिक लोक नृत्यों, मार्शल आर्ट प्रदर्शनों और संगीत के माध्यम से भारत की विशाल कलात्मक विविधता को उजागर किया गया।

<><><><><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोगों को संस्कृत भाषा सीखने की जरूरत है, क्योंकि भारत का समूचा ज्ञान संस्कृत भाषा में है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन कर सकती है। गृह मंत्री कल नई दिल्ली में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित '1008 संस्कृत भाषण शिविरों' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने संस्कृत भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि संस्कृत भाषा अधिकांश भाषाओं की जननी है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। संस्कृत भारती ने तेइस अप्रैल से इस महीने की तीन तारीख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में 1008 संस्कृत भाषण शिविर आयोजित किए हैं। इन शिविरों में पच्चीस हजार लोगों ने भाग लिया और संस्कृत भाषा सीखी।

<><><><><><>

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ई सी आई एन ई टी की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा चालीस से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

<><><><><><>

पर्यावरण चेतना को व्यक्तिगत कल्याण के साथ एकीकृत करने की दिशा में एक अग्रणी कदम उठाते हुए, चिड़ियाटापू जैविक उद्यान में हाल ही में 'हरित योग' नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उददेश्य

स्वास्थ्य और पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में कर्मचारियों, श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों, योग चिकित्सकों और वन प्रशिक्षण संस्थान, विम्बर्लीगंज के वन प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग निरीक्षक बेंजामिन सेल्वा कुमार ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में द्वीप समूह के प्राकृतिक वन में उगने वाली स्थानिक और देशी प्रजातियों के पौधों को जानवरों के बाड़ों के पास और अंदर लगाए गए। चिड़ियाटापू जैविक उद्यान के उप निदेशक ए.सी. तिलक ने इस पहल के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कैंप ऑफिसर बी. स्वेता ने प्रजातियों के पौधों के रोपण कार्यक्रम का समन्वय किया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण की रक्षा करने और 'हरित योग' की भावना को जारी रखने के संकल्प के साथ हुआ।

<><><><><>

पांच से अट्ठारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–दो हजार पच्चीस के लिए नामांकन अब इस वर्ष इक्तीस जुलाई तक कराये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जो बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। सभी नामांकन आधिकारिक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए। कोई भी व्यक्ति या संस्था पुरस्कार के लिए असाधारण

उपलब्धियों वाले बच्चों को नामांकित कर सकती है। बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग, श्री विजयपुरम के गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में तेरह मई से सत्रह जून तक कक्षा तीसरी से आठवीं तक के स्कूली छात्रों के लिए समर हॉबी क्लासेज का आयोजन करेगा। यह एक महीने का कार्यक्रम प्रतिभागियों में समृद्ध भारतीय संस्कृति और कलाओं की समझ को विकसित करेगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को संगीत, नृत्य, चित्रकला और शिल्प के क्षेत्र में कौशल विकास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। शिविर प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर इंटरैक्टिव पाठों, प्रत्यक्ष प्रदर्शन और प्रशिक्षण के माध्यम से आकर्षक सत्र आयोजित करेंगे। इच्छुक छात्रों या अभिभावक को गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पंजीकरण कराने को कहा गया है। पंजीकरण आज से शुरू होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आयोजित द्वीप समूह के गैर–राजपत्रित सरकारी अधिकारी संघ की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक में मई महीने में श्री विजयपुरम से मुख्य भूमि तक उड़ान टिकट की बढ़ती कीमतों के बारे में चिंता व्यक्त की गई। ₹10,000 से ₹20,000 रूपए के बीच का हवाई किराया आम जनता पर एक वित्तीय बोझ डालता है, जिससे उनकी यात्रा करने की क्षमता सीमित हो जाती है। एसोसिएशन ने प्रशासन से इस मुद्दे को विमानन मंत्रालय तक बढ़ाने का आग्रह किया, ताकि इस क्षेत्र में उड़ान किराए को कम करने के लिए हस्तक्षेप किया जा सके।

<><><><><><><><><><>

बाल स्वास्थ्य और पोषण में सुधार लाने के उद्देश्य से हाल ही में टीएसजी चैरिटेबल फाउंडेशन ने डिगलीपुर में पचपन कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित किए। कार्यक्रम में टीएसजी चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर ने बच्चों के परिवारों को पोषण किट सौंपी। किट वितरण का कार्य डिगलीपुर के सीडीपीओ की देखरेख और स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से किया गया।

<><><><><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए नामांकन आमंत्रित करने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपने प्रथम पृष्ठ में प्रकाषित किया है। चुनाव आयोग एक सिंगल प्लेटफार्म ई सी आई एन ई टी ऐप शुरू करेगा। इस खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी मुख्य खबर बनाया है। स्वराज द्वीप में स्कूली बच्चों द्वारा शैक्षणिक दौरे में भाग लेने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रकाषित किया है। दक्षिण अण्डमान में चार सौ तिरानबे हेक्टेयर भूमि को सरकारी भूमि में बहाल करने के समाचार को इंफो इंडिया ने तथा कैम्पबेल बे में कोल्ड स्टोरेज के खराब होने के चलते मछुआरों को हो रही असुविधा के समाचार को इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है।

<><><><><><><><><><>